i-NEXT PAGE 2 & 4

आज से एमएससी केमिस्ट्री के स्टूडेंट्स की इंटर्नशिप

19 दिसंबर से शुरू होगी केमिस्ट्री थर्ड सेमेस्टर की इंटर्नशिप

LUCKNOW(18 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस के एमएससी केमिस्ट्री और फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप 19 दिसंबर से शुरू होगी. यह इंटर्नशिप प्रोग्राम उनके सेमेस्टर पाठ्यक्रम का हिस्सा है. इसके लिए विभाग ने कई संगठनों से संपर्क किया. आखिरकार विद्यार्थी राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) और भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) लखनऊ में इंटर्नशिप करने जाएंगे.

पांच ग्रुप बनाए गए हैं

रसायन विज्ञान विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि दोनों संस्थानों ने हमारी आवश्यकता के अनुसार और अपने कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) के तहत इन कार्यक्रमों को डिजाइन किया. छात्रों की संख्या ज्यादा होने की वजह से पांच ग्रुप बनाया गया है. 16 छात्रों के दो ग्रुप एनबीआरआइ में इंटर्नशिप शुरू करेंगे. इंटर्नशिप का उद्घाटन एनबीआरआइ के निदेशक डा. पीके त्रिवेदी करेंगे.

ये चीजें सिखाई जाएंगी

एक बैच फाइटोकेमिकल एनालिसिस टेक्नीशियन के बारे में सीखेगा. दूसरा बैच हर्बल उद्योग के लिए गुणवत्ता विश्लेषण के बारे में सीखेगा. दो और बैच दो जनवरी से शुरू होगा. 30 छात्रों का एक अन्य बैच तीन जनवरी को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टाक्सिकोलाजी रिसर्च (आईआइटीआर) लखनऊ में शामिल होगा. वह इंस्ट्रूमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण प्राप्त करेगा.

25 से जूलाजी तीसरे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल एग्जाम

एलयू की ओर से बीएससी जूलाजी तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 दिसंबर से 10 जनवरी तक होंगी. जूलाजी विभाग के हेड प्रो. एम सेराजुद्दीन ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 30 जनवरी के बीच कराई जाएंगी.

पीएचडी अध्यादेश संशोधन को गवर्नर हाउस से मंजूरी

सहयुक्त महाविद्यालयों के शिक्षकों को पीएचडी में सुपर न्यूमैरिक कोटे पर मिलेगा प्रवेश

CONCEPT PIC

LUCKNOW (18 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी अध्यादेश-2020 में प्रस्तावित किए संशोधन को राजभवन ने मंजूरी दे दी है. अब लवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को पीएचडी पाठ्यक्रम में 10 प्रतिशत सुपर न्यूमैरिक कोटे के तहत प्रवेश मिल सकेगा. यह सुविधा 2021-22 सत्र की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में ही दी जाएगी. जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू होने का शिक्षक इंतजार कर रहे हैं.

काफी समय से हो रही थी मांग

दरअसल, नेट और जेआरएफ के आधार पर नियुक्त शिक्षकों को सुपर न्यूमैरिक कोटे में पीएचडी प्रवेश और कोर्स वर्क आनलाइन करने की सुविधा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) काफी समय से मांग कर रहा था. बीते दिनों लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई प्रवेश समिति की बैठक में दोनों प्रस्ताव को अनुमोदन दे दिया गया था. साथ ही विश्वविद्यालय के पीएचडी अध्यादेश-2020 की धारा 3.3 और 4.1 में इसके संशोधन का प्रस्ताव कुलाधिपति के पास मंजूरी के लिए भेजा था. कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि राजभवन से संशोधन को मंजूरी मिल गई है. इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है. सत्र 2021-22 से शिक्षकों को सुपर न्यूमैरिक कोटे के तहत पीएचडी में प्रवेश की सुविधा दी जानी है. बीते छह दिसंबर को इसकी मंजूरी भी मिल गई. लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं.

आनलाइन पीएचडी कोर्स

एलयू एवं सहयुक्त/घटक महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक पीएचडी में प्रवेश के बाद कोर्स वर्क आनलाइन या मूक्स के माध्यम से भी कर सकेंगे. लुआक्टा अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय ने बताया कि यूजीसी के नियम 2018 के अनुसार तीन साल की सेवा पूरी करने से पहले शिक्षकों को अध्ययन अवकाश नही दिया मिलता है. ऐसे में पीएचडी के लिए उन्हें दिक्कत होती. अब पीएचडी कोर्स वर्क आनलाइन करने की सुविधा से उन्हें समस्या नही होगी.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लखनऊ विवि : एमएससी के छात्र एनबीआरआई में करेंगे इंटर्नशिप

लखनऊ। लविवि कैंपस के रसायन विज्ञान विभाग के एमएससी तीसरे सेमेस्टर के छात्र एनबीआरआई व आईआईटीआर में इंटर्नशिप करेंगे। यह इंटर्नशिप 19 दिसंबर से शुरू होगी। केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि एमएससी केमिस्ट्री और एमएससी फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री के विद्यार्थी इस इंटर्नशिप में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण इंटर्नशिप को पांच ग्रुप में बांटा गया है। 16 छात्रों के दो ग्रुप एनबीआरआई में सोमवार से इंटर्नशिप करेंगे। इसका उद्घाटन निदेशक एनबीआरआई डॉ. पीके त्रिवेदी सुबह 10:30 बजे करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमबीए छात्रों को प्लेसमेंट का अवसर : लविवि के एमबीए के छात्रों को प्लेसमेंट का एक बेहतर अवसर मिला है। इसके तहत ईस्टर्न बुक की ओर से प्लेसमेंट का आयोजन हो रहा है। विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। इन्हें 22 से 35 हजार तक प्रति माह दिया जाएगा।

एप्को भी करेगी प्लेसमेंट : लविवि प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि एप्को कंपनी भी प्लेसमेंट के लिए आ रही है। 21 दिसंबर तक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। कंपनी मास्टर ऑफ सोशल वर्क और मास्टर ऑफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को जॉब ऑफर करेगी।

इंटरनल असेसमेंट कल तक : लविवि के विधि संकाय के तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर के इंटरनल एसेसमेंट से छूटे छात्रों को एक और मौका दिया गया है। डीन लॉ प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि ऐसे विद्यार्थियों का असेसमेंट 20 दिसंबर तक किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

पीएचडी में शिक्षकों को सुपर न्यूमेरिक सीट पर मिलेगा प्रवेश

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों के शिक्षकों को पीएचडी में सुपर न्यूमेरिक सीट पर प्रवेश दिया जाएगा। शिक्षकों को ऑनलाइन कोर्स वर्क करने की भी अनुमति मिलेगी। विवि प्रशासन की ओर से भेजे गए पीएचडी अध्यादेश संशोधन को राजभवन से मंजूरी मिल गई है। विवि प्रशासन इसी सत्र 2021-22 से ही शिक्षकों को इसका लाभ देने की तैयारी में है।

रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने राजभवन से संशोधित अध्यादेश को हरी झंडी मिलने के बाद सभी संबंधित डीन व हेड्स को इसकी सूचना भेजी है। वहीं विवि प्रशासन इसका लाभ इसी सत्र की प्रवेश प्रक्रिया से देने की तैयारी में भी लग गया है। दूसरी तरफ लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने इसे लंबे संघर्ष का सार्थक परिणाम बताते हुए खुशी जताई है। उन्होंने बताया कि इससे नेट-जेआरएफ के आधार पर नियुक्त शिक्षकों को पीएचडी करने में आसानी होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

एनबीआरआई और आईआईटीआर में इंटर्नशिप का मौका

■ **एनबीटी सं, लखनऊ :** एलयू के रसायन विज्ञान विभाग में एमएससी केमिस्ट्री और एमएससी फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री के तृतीय सेमेस्टर के स्टूडेंट्स सोमवार से राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) और भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) में इंटर्नशिप करेंगे। एलयू के पीआरओ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्टूडेंट्स की आवश्यकता के अनुसार इस ट्रेनिंग प्रोग्राम से स्टूडेंट्स का कौशल विकास होगा।

इंटर्नशिप पांच ग्रुप में होगी। 16 छात्रों के दो ग्रुप एनबीआरआई में इंटर्नशिप करेंगे। वहीं, हर्बल उद्योग के लिए फाइटोकेमिकल विश्लेषण तकनीशियन और गुणवत्ता विश्लेषण पर काम करने वाले दो और बैच 2 जनवरी से शुरू होंगे। 30 छात्रों का एक अन्य बैच 3 जनवरी को आईआईटीआर में ट्रेनिंग करेंगे। वह इंस्ट्रूमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

NBT PAGE 3 & 6

वीसी संग डिनर करेंगे टॉपर

एलयू में कॉफी विद वीसी के बाद अब वीसी'ज डिनर शुरू

Rishi.Sengar@timesgroup.com

■ **लखनऊ :** लखनऊ विवि में अब टॉपर्स को कुलपति संग डिनर का मौका मिलेगा। टॉपर्स का उत्साह बढ़ाने के लिए यहां 'कॉफी विद वीसी' योजना पहले से चल रही है। इसके बेहतर परिणाम आने के बाद वीसी आलोक कुमार राय ने 'वीसी'ज डिनर' शुरू करने की योजना बनाई है।

स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाने के लिए वीसी ने किया फैसला

जानकारी के मुताबिक, एलयू के दीक्षांत समारोह के बाद वीसी'ज डिनर शुरू होगा। पहले चरण में पीजी प्रथम वर्ष के टॉपर डिनर के लिए कुलपति आवास में बुलाए जाएंगे। इसी तरह यूजी के पहले और दूसरे साल के टॉपर स्टूडेंट्स के साथ भी वीसी डिनर करेंगे। उन्होंने बताया कि संकाय और विषय वार टॉपर चुने जाएंगे। फिर लिस्ट बनाकर डिनर के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उनका कहना है कि इस तरह के प्रयोग से स्टूडेंट्स का मनोबल बढ़ेगा।

नियुक्त होंगे 50 शिक्षक

एलयू वीसी ने बताया कि विवि में जल्द ही 50 नए शिक्षक तैनात होंगे। इसके लिए लिखित परीक्षा हो चुकी है और परिणाम भी अपलोड हो चुके हैं। इसके साथ गवर्नर हाउस ने चयन समिति के लिए विशेषज्ञों की सूची भी भेज दी है। ऐसे में जल्द ही साक्षात्कार होंगे। इससे पहले साइंस समेत कई संकायों में करीब 30 शिक्षक भर्ती किए जा चुके हैं। इनमें कई शिक्षकों ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और यूरोपीय देशों में नौकरी छोड़कर एलयू जॉइन किया है। कुछ शिक्षक केंद्रीय विश्वविद्यालय और नेशनल लॉ स्कूल छोड़कर आए हैं।

PIONEER PAGE 3

एलयू के स्टूडेंट्स की इंटर्नशिप आज से

लखनऊ। लविवि के एमएससी केमिस्ट्री थर्ड सेमेस्टर और एमएससी फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री के छात्रों का इंटर्नशिप प्रोग्राम सोमवार से शुरू होगा। यह इंटर्नशिप प्रोग्राम छात्रों के सेमेस्टर पाठ्यक्रम का हिस्सा है। रसायन विज्ञान विभाग ने इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए कई संगठनों से संपर्क किया था और अपने छात्रों के लिए राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ और भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान लखनऊ को फाइनल किया क्योंकि उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों की पेशकश की जो छात्रों के लिए लंबे समय तक उपयोगी होंगे। इन संस्थानों ने हमारी आवश्यकता के अनुसार और उनके कौशल विकास कार्यक्रम के तहत इन कार्यक्रमों को डिजाइन किया। छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण इंटर्नशिप को पांच ग्रुप में बांटा गया है। 16 छात्रों के दो ग्रुप राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ में अपनी इंटर्नशिप शुरू करेंगे। इंटर्नशिप कार्यक्रमों का उद्घाटन डॉ पीके त्रिवेदी (निदेशक एनबीआरआई) डॉ टीएन खुशू करेंगे। एक बैच फाइटोकेमिकल एनालिसिस टेक्नीशियन के बारे में सीखेगा और दूसरा बैच हर्बल उद्योग के लिए गुणवत्ता विश्लेषण के बारे में सीखेगा। हर्बल उद्योग के लिए फाइटोकेमिकल विश्लेषण तकनीशियन और गुणवत्ता विश्लेषण पर काम करने वाले दो और बैच 2 जनवरी 2023 से शुरू होंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

पीएचडी अध्यादेश संशोधन को मंजूरी

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी अध्यादेश-2020 में प्रस्तावित किए संशोधन को राजभवन ने मंजूरी दे दी है। अब लवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को पीएचडी पाठ्यक्रम में 10 प्रतिशत सुपर न्यूमैरिक कोटे के तहत प्रवेश मिल सकेगा। यह सुविधा 2021-22 सत्र की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में ही दी जाएगी। जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू होने का शिक्षक इंतजार कर रहे हैं।

नेट और जेआरएफ के आधार पर नियुक्त शिक्षकों को सुपर न्यूमैरिक कोटे में पीएचडी प्रवेश और कोर्स वर्क आनलाइन करने की सुविधा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) काफी समय से मांग कर रहा था। बीते दिनों कुलपति प्रो. आलोक राय की अध्यक्षता में हुई प्रवेश समिति की बैठक में दोनों प्रस्ताव को अनुमोदन दे दिया गया था। विश्वविद्यालय के पीएचडी अध्यादेश-2020 की धारा 3.3 और 4.1 में संशोधन का प्रस्ताव कुलाधिपति के पास मंजूरी के लिए भेजा था। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि राजभवन से संशोधन को मंजूरी मिल गई है।

बैठक के मिनट्स जारी होने का इंतजार: सत्र 2021-22 से शिक्षकों को सुपर न्यूमैरिक कोटे के तहत पीएचडी में प्रवेश की सुविधा दी जानी है। बीते छह दिसंबर को इसकी मंजूरी भी मिल गई। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बैठक के मिनट्स अभी नहीं आए हैं। जो निर्देश होंगे, उस आधार पर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

आनलाइन पीएचडी कोर्स की मिलेगी सुविधा : लवि एवं सहयुक्त/घटक महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक पीएचडी में प्रवेश के बाद कोर्स वर्क आनलाइन या मूक्स के माध्यम से भी कर सकेंगे। लुआक्टा अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय ने बताया कि यूजीसी के नियम 2018 के अनुसार तीन साल की सेवा पूरी करने से पहले शिक्षकों को अध्ययन अवकाश नहीं मिलता है। अब पीएचडी कोर्स वर्क आनलाइन करने की सुविधा से उन्हें समस्या नहीं होगी।

लवि : एमबीए छात्रों को प्लेसमेंट का मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से कैंपस के छात्र-छात्राओं के लिए प्लेसमेंट जारी है। अब केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने एमबीए छात्रों को नौकरी का आफर दिया है। राजधानी की प्रमुख बुक कपनी में मार्केटिंग ट्रेनी के पद पर नौकरी के लिए आवेदन मांगे गए हैं। लवि के एमबीए छात्र केंद्रीय प्लेसमेंट सेल में जल्द आवेदन कर संपर्क कर सकते हैं। चयनित छात्रों को प्रतिमाह 22 से 35 हजार रुपये मिलेगा।

प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि ज्यादातर छात्रों को लखनऊ में इस कंपनी में जाब का आफर मिलेगा। इसके अलावा नोएडा शाखा में भी आवंटित किया जा सकता है।

21 तक नौकरी के आवेदन : प्लेसमेंट सेल ने एप्को कंपनी में प्लेसमेंट के लिए 21 दिसंबर तक आवेदन का मौका दिया है। प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि कंपनी में जाब के लिए मास्टर आफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) और मास्टर आफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एमएचआरएम) डिग्री धारक आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी को 3.50 लाख रुपये सालाना पैकेज मिलेगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं विस्तृत जानकारी के लिए प्लेसमेंट सेल से संपर्क कर सकते हैं।

स्नातक और शोधार्थियों को इंटर्नशिप का मौका : लखनऊ विश्वविद्यालय के यूजी और पीजी छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप का मौका दिया गया है। प्रधान मुख्य संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश के लिए इंटर्नशिप के आवेदन मांगे गए हैं। प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि स्नातक और परास्नातक, शोधकर्ता (वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, विधि, पर्यावरण, वानकी, वन्य जीव विषय) 20 दिसंबर को दोपहर एक बजे तक केंद्रीय प्लेसमेंट सेल कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उसकी एक कापी placementlkouniv@gmail.com पर भी भेजनी होगी। उन्होंने बताया कि जितने भी आवेदन आएंगे, सभी प्रधान मुख्य संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश को भेज दिए जाएंगे। वहां से जिन इंटर्नशिप के लिए जिनका चयन होगा, उन्हें भेजा जाएगा।

एमएससी के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप आज से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस के एमएससी केमिस्ट्री और फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप 19 दिसंबर से शुरू होगी। यह इंटर्नशिप प्रोग्राम उनके सेमेस्टर पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इसके लिए विभाग ने कई संगठनों से संपर्क किया। आखिरकार विद्यार्थी राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआइ) और भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आइआइटीआर) लखनऊ में इंटर्नशिप करने जाएंगे।

रसायन विज्ञान विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि दोनों संस्थानों ने हमारी आवश्यकता के अनुसार और अपने कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) के तहत इन कार्यक्रमों को डिजाइन किया। छात्रों की संख्या ज्यादा होने की वजह से पांच ग्रुप बनाया गया है। 16 छात्रों के दो ग्रुप एनबीआरआइ में इंटर्नशिप शुरू करेंगे।

इंटर्नशिप का उद्घाटन एनबीआरआइ के निदेशक डा. पीके त्रिवेदी करेंगे। एक बैच फाइटोकेमिकल एनालिसिस टेक्नीशियन के बारे में सीखेगा। दूसरा बैच हर्बल उद्योग के लिए गुणवत्ता विश्लेषण के बारे में सीखेगा। दो और बैच दो जनवरी से शुरू होगा। 30 छात्रों का एक अन्य बैच तीन जनवरी को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टाक्सिकोलाजी रिसर्च (आइआइटीआर) लखनऊ में शामिल होगा। वह इंस्ट्रूमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण प्राप्त करेगा।

25 से जूलाजी तीसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं: लवि की ओर से बीएससी जूलाजी तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 दिसंबर से 10 जनवरी तक होंगी। जूलाजी विभाग के हेड प्रो. एम सेराजुद्दीन ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 30 जनवरी के बीच कराई जाएंगी।

नगर की अन्य खबरें

www.jagran.com पर पढ़ें

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रोग्राम आज

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ कैंपस के रसायन विज्ञान विभाग के तृतीय सेमेस्टर में अध्यनरत एमएससी केमिस्ट्री और एमएससी फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री के विद्यार्थी अपना इंटर्नशिप प्रोग्राम आज से शुरू करेंगे। यह इंटर्नशिप प्रोग्राम उनके सेमेस्टर तृतीय पाठ्यक्रम का हिस्सा है। विभाग ने इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए कई संगठनों से संपर्क करके अपने छात्रों के लिए राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, एनबीआरआई और भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान, आईआईटीआर, लखनऊ को अंतिम रूप दिया क्योंकि उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों की पेशकश की जो छात्रों के लिए लंबे समय तक उपयोगी होंगे। इन संस्थानों ने हमारी आवश्यकता के अनुसार और उनके कौशल विकास कार्यक्रम, एसडीपी के तहत इन कार्यक्रमों को डिजाइन किया।

छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण इंटर्नशिप को पांच ग्रुप में बांटा गया है। 16 छात्रों के दो ग्रुप एनबीआरआई, लखनऊ में अपनी इंटर्नशिप शुरू करेंगे। इंटर्नशिप कार्यक्रमों का उद्घाटन डॉ. पी. के. त्रिवेदी, निदेशक एनबीआरआई, डॉ. टी. एन. खुशू ब्लॉक कॉन्फ्रेंस हॉल में आज सुबह 10:30 बजे करेंगे। इस अवसर पर एक बैच फाइटोकेमिकल एनालिसिस टेक्नीशियन के बारे में सीखेगा और दूसरा बैच हर्बल उद्योग के लिए गुणवत्ता विश्लेषण के बारे में सीखेगा। हर्बल उद्योग के लिए फाइटोकेमिकल विश्लेषण तकनीशियन और गुणवत्ता विश्लेषण पर काम करने वाले दो और बैच 2 जनवरी, 2023 से शुरू होंगे। 30 छात्रों का एक और बैच 3 जनवरी को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च आईआईटीआर, लखनऊ में शामिल होगा। वे इंस्ट्रूमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

एलयू : अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में महिला वॉलीबॉल टीम विजयी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय, महिला वॉलीबॉल टीम ने चित्तकारा विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश में उत्तर क्षेत्र के अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में रविवार के सभी दो मैच जीते।

उन्होंने डॉ. बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा और बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की टीम को हराया। टीम मैनेजर डॉ. मोहम्मद तारिक ने ये जानकारी दी। एलयू के एथलेटिक्स संघ के प्रभारी डॉ. रूपेश ने बताया कि हिमांचल में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कंपटीशन में देश के उत्तरी भाग की तमाम बड़े विश्वविद्यालय शामिल हो रहे हैं। एलयू की टीम भी कई इवेंट्स में बेहतरीन परफॉर्म कर रही है। रविवार को हुए दोनों मैच टीम ने जीत लिए हैं। उम्मीद है कि वॉलीबॉल में हमारी टीम विनर होगी।

लुआक्टा ने कुलपति का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नेट/जेआरएफ के आधार पर डिग्री कालेजों में नव नियुक्त शिक्षकों के पीएचडी प्रवेश हेतु 10 फीसद सुपरन्यूमेरिक सीटो पर आरक्षण एवं शिक्षकों को तीन वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर ही अध्ययन अवकाश के नियम के कारण आ रही बाध्यता के निवारण के लिए आन लाइन कोर्स वर्क किये जाने के प्रस्ताव को राजभवन ने मंजूरी दे दी है। शिक्षकों को इसका लाभ सत्र 2021-22 से ही मिलेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा मंजूरी के लिए राजभवन को प्रस्ताव भेजे जाने को लेकर आज लुआक्टा अध्यक्ष डॉ मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में शिक्षकों ने विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात कर आभार जताया है। लुआक्टा अध्यक्ष डॉ मनोज पाण्डेय ने बताया कि लखनऊ विवि से सहाुक महाविद्यालयों में प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति अनवरत जारी है और लगभग 3/4 प्रोन्नति का कार्य पूरा हो चुका है। संगठन का प्रयास है कि सभी साथियो की प्रोन्नति का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण हो जाय। इसी क्रम में आज चार महाविद्यालयों के 20 साथियो की प्रोन्नति का कार्य सकुशल सम्पन्न हुआ। कल सम्पन्न हुए प्रोन्नति में फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली में 15 शिक्षकों की प्रोन्नति प्रोफेसर पद पर हुई है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

केमिस्ट्री के छात्र करेंगे इंटर्नशिप

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) के रसायन विज्ञान विभाग के तृतीय सेमेस्टर में अध्ययनरत एमएससी केमिस्ट्री और फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री के छात्र व छात्राओं का सोमवार से इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की संख्या ज्यादा होने से, इंटर्नशिप को पांच ग्रुप में बांटा गया है। छात्र राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरई), और भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) में इंटर्नशिप करेंगे।

सक्रियता

- **इंटर्नशिप को पांच ग्रुप में बांटा गया एमएससी केमिस्ट्री व फार्मा के छात्र होंगे शामिल**
- **एनबीआरआई में आज से शुरू करेंगे पहले दो ग्रुप इंटर्नशिप**

लविवि के मुताबिक इंटर्नशिप कार्यक्रमों का उद्घाटन एनबीआरआई निदेशक डॉ. पीके त्रिवेदी, डॉ. टीएन खुशू ब्लॉक कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को करेंगे। एक बैच फाइटोकेमिकल एनालिसिस टेक्नीशियन के बारे में सीखेगा और दूसरा बैच हर्बल उद्योग के लिए गुणवत्ता विश्लेषण के बारे में सीखेगा।

हर्बल उद्योग के लिए फाइटोकेमिकल विश्लेषण तकनीशियन और गुणवत्ता विश्लेषण पर काम करने वाले दो और बैच 2 जनवरी से शुरू होंगे। 30 छात्रों का एक और बैच 3 जनवरी को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च (आईआईटीआर) लखनऊ में शामिल होगा। वे इंस्ट्रूमेंटेशन और रासायनिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।